




## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में कोरोना से हुई चार की मौत, 271 नए मामले आए सामने

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की रफ्तार कम हो गई, लेकिन मौत के मामले कम नहीं हो रहे हैं। आज बुधवार को कोरोना से चार मरीजों की मौत हो गई। वहीं, आज कोरोना के 271 नए मामले आए। जबकि 1422 मरीजों ने कोरोना को मात देकर स्वस्थ्य भी हुए। राज्य में अभी 4043 सक्रिय मामले हैं।

### उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**संवाददाता** देहरादून। माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दान किया और भोजन कराया। सुबह ब्रह्म मुहुर्त में ही घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही दूसरे जिलों व पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालुओं का सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गया था। हरकी पैड़ी समेत अन्य गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया और इसके बाद ब्राह्मणों को उचित दान–दक्षिणा दी। इसके साथ ही मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किया। श्रद्धालुओं को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क लगाना अनिवार्य है। सनातन धर्म में पूर्णिमा का अलग महत्व है। इस दिन चांद अपनी पूर्ण अवस्था में होता है।

### ओजोन सिक्युटेक उत्तराखंड में बढ़ाएगी अपनी उपस्थिति

**संवाददाता** देहरादून। डिजिटल सेफ एवं लॉक्स सेगमेंट में प्रख्यात भारतीय ब्रांड ओजोन सिक्युटेक ने आज अपना प्रमुख कैंपेन 'अब चलेगी फिंगर' को शुरू किया। इस नए अभियान को खासकर ओजोन सिक्युटेक की हाई–टेक बायोमीट्रिक सिक्युरिटी सॉल्यूशन की नई रेंज पेश करने और साथ ही मतदान से संबंधित पांच राज्यों के लोगों को इस चुनाव में अपने कीमती वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद के साथ शुरू किया गया है।

### देश का पहला एआई–संचालित प्लेटफॉर्मः एआई टेस्टिफाइड

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 महामारी ने शिक्षा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल को अपनाने की सख्त जरूरत बता दी है, वहीं ऑनालाइन प्लेटफॉर्म पर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की तरक्की ने न सिर्फ छात्रों को बेहतर शिक्षण मॉड्यूल देने में मदद की है बल्कि ज्ञान अर्जित करने वाले छात्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करने में शिक्षकों को भी मदद की है। देश का शीर्ष एआई–संचालित टेस्ट प्लेटफॉर्म होने के नाते यह स्कूल जाने वाले छात्रों तथा इसे दूर करने में अत्यधिक लाभकारी है।

# सरकार बनते ही हल होगी पुलिस कर्मियों के ग्रेड पे की समस्या: हरीश रावत

**वादा**

■ कांग्रेस प्रत्याशी हरीश रावत ने ऑडियो क्लिप जारी किया और कोतवाली भी गए

■ सरकार बनते ही सभी समस्याओं के समाधान का किया वादा

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में मतदान खत्म हो चुके हैं। पर अभी पोस्टल बैलेट डाले जा रहे हैं। जिन पुलिसकर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगी थी उन्हें इस तरह से वोटिंग की सुविधा दी गई है। इन वोटों को अपने पक्ष में करने के लिए लालकुआं से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश रावत ने ऑडियो क्लिप जारी किया और कोतवाली भी गए। इसके अलावा राजनीति के माहिर खिलाड़ी हरदा ने पुलिसकर्मियों के ग्रेड पे का दांव भी चला है। अब 10 मार्च को देखना होगा कि हरदा अपने इस दांव में कितना सफल होते हैं।



बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री व लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी हरीश रावत ने ऑडियो जारी कर पुलिस कर्मियों की ग्रेड पे की समस्या के समाधान का वादा किया है। जिसके बाद उन्होने लालकुआं कोतवाली में जाकर पुलिस कर्मियों से पोस्टल बैलेट के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होने कहा है कि राज्य सरकार के एक गलत निर्णय ने राज्य के पुलिस कर्मियों को गहाराई तक चोट पहुंचाई है। उनकी भावनाओं को आहत किया है। जो ग्रेड पे उनको दी गई थी उनको डाउन ग्रेड करना उनकी कर्तव्यनिष्ठा का उपहास उडाया है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही प्राथमिकता के आधार पर पुलिस कर्मियों से किया गया ग्रेड पे का वादा पूरा किया जाएगा। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री लालकुआं कोतवाली पहुंचे। जहां पर उन्होने पुलिस कर्मियों से मुलाकात कर वोट मांगे। साथ ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने की अपील की। जिसके बाद वह बिंदुखत्ता के श्रीलंका टापू में पहुंचे और वहा के लोगों की समस्याएं सुनी। साथ ही सरकार बनते ही सभी समस्याओं के समाधान का वादा किया।

इस दौरान उन्होने कांग्रेस के बिंदुखत्ता ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद कालोनी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धरम सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका आभार जताया।

### हरीश रावत जी देख रहे हैं मुंगेरीलाल के हसीन सपनेः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत के राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने के उनके दावों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि, रावत जी मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह दावा किया कि कांग्रेस सत्ता में नहीं आ रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज रहेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यह तब कहा जब हरीश रावत ने मंगलवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी 48 सीटें जीतकर राज्य में सरकार बनाएगी। कांग्रेस में कोई भी उनके (हरीश रावत) मुख्यमंत्री बनने का विरोध नहीं कर रहा है। हरीश रावत ने कहा, मैं साफ तौर पर देख रहा हूं कि कांग्रेस चुनाव में 48 सीटें जीत रही है। हरीश रावत ने कहा करीब छह विधानसभा सीटों पर कड़ा मुकाबला है। कहा कि भाजपा की साख बचाने के लिए मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देना चाहता हूं। क्योंकि चुनाव में भाजपा को 20 से कम सीटें मिलने जा रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल का केंद्र बनेगा टिहरी, कवायत शुरू

**श्रद्धांजलि**

■ 2003 में मसूरी में बप्पी लहरी नाइट में शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीता

**संवाददाता**



मसूरी। बप्पी लहरी....ये वो शख्सियत है, जिनकी आवाज हर उम्र के लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी। आज वो भले ही हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन अपने गानों के जरिए हमेशा हमारे साथ रहेंगे। बप्पी लहरी का उत्तराखंड के मसूरी से भी खास नाता रहा है। उन्होंने यहां साल 2003 में बप्पी लहरी नाइट में शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीता। हाल ही में स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन के गम से अभी देश उबरा भी नहीं था कि संगीत जगत की एक और शख्सियत दुनिया को अलविदा कह गई है।

गोल्ड मैन के नाम से मशहूर बप्पी दा अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका 69 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन से संगीत जगत को कभी पूरी न हो पाने वाली क्षति हुई है।

**2003 में मसूरी आए थे बप्पी लहरी:** बालीवुड संगीतकार बप्पी लहरी (बप्पी लाहिड़ी) के निधन से मसूरी रंगमंच से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त किया है। मसूरी के पूर्व पालिकाध्यक्ष मन मोहन सिंह मल्ल ने बताया कि उनके पालिकाध्यक्ष के पहले कार्यकाल में साल 2003 में आयोजित आटम फेस्टिवल में बप्पी लहरी नाइट में बप्पी दा ने धमाल मचाया था। उनकी शानदार प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। Bappi Lahiri Night साल 2003 में अक्टूबर के महीने आयोजित हुआ था।

**सीएम धामी ने भी दी श्रद्धांजलि** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बप्पी लहिरी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने ट्वीट किया कि संगीत जगत के लिए बप्पी लहरी का जाना एक अपूरणीय क्षति है। इसके साथ ही उत्तराखंड के लोक कलाकारों ने भी बप्पी दा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### पहले उतारी चुनाव की थकान, फिर मतों के गुणा–भाग में जुटे

**संवाददाता** देहरादून। चुनाव के दौरान दिन रात एक करने वाले और एक–एक वोट पर नजर रखने वाले प्रत्याशियों ने मतदान के अगले दिन पहले तो चुनाव की थकान उतारी और फिर कार्यकर्ताओं के साथ अलग–अलग क्षेत्र में मिले। मतों के आधार पर जीत के गुणा–भाग में जुट गए। किस बूथ तपर मैनेजमेंट कमजोर रहा और कहां के मतदाताओं का रुझान उनके पक्ष में रहा। इस बारे में कार्यकर्ताओं से देर शाम तक प्रत्याशी चर्चा करते रहे। इसके अलावा प्रत्याशियों ने अलग–अलग क्षेत्रों में फोन करके सियासी पंडितों और पत्रकारों से भी फीडबैक लिया। एक दिन पहले तक कार्यकर्ताओं की भीड़ से घिरे रहने वाले ज्यादातर विधायक और प्रत्याशी अकेले घूमते रहे। ज्यादातर प्रत्याशी और कार्यकर्ता देर से घर से निकले। उन्होंने आराम करके चुनाव की थकान और खुमारी उतारी।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।